नवरात्रि | अनुष्ठान के बाद लगाए गए 56 भोग

रामनवमीं की धूम : रामधुन से गूंजा 100 साल पुराना मंदिर

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट में रामनवमी का पर्व एक दिन पूर्व 26 मार्च को प्राचीन श्रीराम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष अनुष्ठान हुए। इस दौरान 100 साल पुराना मंदिर रामधु से गूंजने लगा।

दोपहर में श्रीराम मंदिर के पट भक्तों के लिए खोले गए, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और भ्राता लक्ष्मण के श्रृंगारित स्वरूप के दर्शन किए। पूजा-अर्चना के बाद भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए। रामायण मंडल ने रामधुन की संगीतमय प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित रहे। मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधि पाश्वेन्द्र पारधी ने बताया कि यह मंदिर सौ साल से भी अधिक पुराना है और इसका नवनिर्माण कार्य जारी है।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिलाध्यक्ष वैभव कश्यप ने रामनवमी एक दिन पूर्व मनाए जाने का कारण स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि उदया तिथि के अनुसार रामनवमी अगले दिन थी, लेकिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से नवमी तिथि प्रारंभ हो गई थी। इसी कारण प्रदेश के अन्य जिलों की तरह बालाघाट में भी रामनवमी का पर्व इसी दिन मनाया गया, जिसके तहत श्रीराम मंदिर में जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों को करवाई तीर्थ यात्रा

नवभारत, बालाघाट। जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला को विगत कई सालों से अपने समाज सेवी कार्यों धार्मिक यात्राओं निर्धनों गरीबों की मदद करने के लिए पहचाना जाता है । इसी कड़ी में उन्होंने नवरात्रि के पवन अवसर पर एक और नवाचार कार्यक्रम किया गया । जिसके अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र की ग्रामीण बहनों को तीर्थ दर्शन यात्रा के माध्यम से नवरात्रि के आनंद को ओर बड़ा दिया जिसकी हर माता बहने बहुत खुश हो रही है ।

सबसे पहले सभी को एक बस करके उसमें सभी को हाजरा फाल झरना घुमाया गया जहां सभी ने भरपूर आनंद लिया । उसके बाद नवरात्रि पर्व के चलते डोंगरगढ़ पहुंच कर सभी बहनों के साथ मां बमलेश्वरी के दर्शन किए साथ ही सभी स्वयं सहायता समूह की बहनो के साथ बमलेश्वरी के डोंगरगढ़ धाम में भंडारे का कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए ।

डोंगरगढ़ यात्रा के बाद बहनों को हल्दी कुमकुम देकर उन्हें सुंदर साड़ी और श्रृंगार से उनका पूजन अर्चन किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की बहनों के सशक्त होने के लिए मधु शुक्ला के द्वारा मां बमलेश्वरी से प्रार्थना की गई की मां उन्हें नई शक्तियों से हमेशा विभूषित करते रहे । स्वयं सहायता समूह के कल्याण के लिए जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला द्वारा मां बमलेश्वरी को चुनरी चढ़ाई गई । इस यात्रा में जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ल द्वारा एक बस बनाई गई और बस के माध्यम से 22 ग्राम पंचायत की बहनों को बमलेश्वरी मां के दर्शन कराय गए।

उनका कहना है कि देवी कहीं और विराजित नहीं होती सबसे पहली देवी हमारे घरों में ही विराजित है । घर के हर सदस्य को उनका सम्मान करना चाहिए, वही देवियां विभिन्न रूपों में आपके घर में विराजित है कभी अन्नपूर्णा के रूप में अपने परिवार का भरण पोषण करती है तो घर में समस्या आने पर मां काली का उग्र रूप धारण कर घर के अनिष्ट को हारती है कभी दुर्गा का रूप ले अपने सारे गुना से वाशी वशीभूत हो अपने घर को सजती सावर्ती है जब घर में कभी आर्थिक विपत्ति आ जाए तो लक्ष्मी का रूप धारण कर अपने घर की हर समस्या का समाधान करती हुई दिखाई देती है । वह कहना चाहती हैं कि अपने घर की मां बेटियों का हमेशा सम्मान होना चाहिए समय-समय पर उनका पूजन उनका अभिनंदन होना चाहिए जैसे शिव के बिना शक्ति अधूरी है वैसे ही शक्ति के बिना शिव अधूरे हैं दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं इसीलिए पति-पत्नी को एक साथ होकर किसी भी अच्छे कार्य को अंजाम देना चाहिए समाज में हर महिला का सम्मान उसे देखने का नजरिया देवी स्वरूप ही होना चाहिए ।

जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला ने एक नई मुहिम छेड़ी है अपनी माता बहनों को उनके देवी स्वरूप से अवगत कराने का कार्य करती रहती हूं उन्हें खुद यह बात समझ में आनी चाहिए की पहली देवी तो घर में ही विराजित है । देवी कहीं और नहीं हमारे समाज के अंदर हमारे घर में ही विराजित हैं । उनका पग पग पर सम्मान हो उनके कल्याण में ही हमारा कल्याण है मेरे कार्यक्रम हर बार कुछ यही संदेश देने के लिए होते हैं सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पसंद तू मां कश्यप भाग भावे की प्रार्थना के साथ में हमेशा ऐसे नए नवाचार करने का प्रयास करती रहूंगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

बालाघाट। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे ने 26 मार्च को जिला निर्वाचन कार्यालय के ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान वेयर हाउस में बिजली आपूर्ति व अग्निशामक यंत्र की स्थिति तथा सीसीटीवी कैमरे से निगरानी का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सुबोध श्रीवास्तव एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

घरेलु गैस सिलेण्डर को व्यवसायिक उपयोग करने पर 10 प्रतिस्ठानों पर प्रकरण दर्ज

नवभारत, बैहर। घरेलु उपयोग के 14.2 किलोग्राम वजन के गैस सिलेण्डरों पर होटल, रेस्टारेंट आदि में व्यवसायिक उपयोग किये जाने के मामले में बैहर एवं बिरसा विकासखंड के 10 प्रतिष्ठानों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2002 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा 17 एवं 18 मार्च को बैहर एवं बिरसा विकासखंड के होटर, रेस्टारेंट आदि का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान ताज चौपाटी बैहर, कदम रेस्टारेंट बैहर, आईडिया ढाबा कैंडाटोला बिरसा, दावत-ए-बिरयानी मोहगांव, राजपुताना होटल बंजारी टोला, कादरी चिकन बिरयानी भीमजोरी, अल-जम-जम बिरयानी सेंटर मोहगांव, राठौर होटल दमोह, आरके होटल दमोह एवं शंकर भोजनालय दमोह में अवैध रूप से घरेलु गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। जिस पर इन प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 का उल्लंघन करने किये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने सिद्धांत

प्रदेश और जिला नेतृत्व का जताया आभार, कहा सरकार अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए कर रही काम

नवभारत, बालाघाट। भाजपा संगठन में मोर्चा जिलाध्यक्षो की नियुक्ति की जा रही है, इसी के तहत भाजपा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद पर सिद्धांत पाटिल की घोषणा की गई है। उन्हें, इस बार, भाजपा संगठन ने, पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम करने के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा की बड़ी जिम्मेदारी दी है।

छात्र राजनीति में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से संगठन में सक्रिय और निरंतर काम करते हुए युवा सिद्धांत पाटिल भाजपा में 2010 में आए और निरंतर पार्टी की विचारधारा पर काम करना आरंभ किया। जिसका परिणाम यह रहा कि पार्टी ने भी उन्हें संगठन में काम करने का अवसर दिया। पहले वे युवा मोर्चा में नगर उपाध्यक्ष बनाये गए। जिसके बाद तत्कालीन संगठन में वह भाजपा नगर मंत्री रहे। जिसके बाद अनुसूचित जाति मोर्चा में

जिला महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि रहे और अब उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष बने युवा सिद्धांत पाटिल ने कहा कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, अनुसूचित जाति वर्ग को भाजपा ने ही सम्मान देने का काम किया है। जिसके लिए वह प्रदेश नेतृत्व और जिला संगठन का आभार व्यक्त करते है। निश्चित ही जो जिम्मेदारी संगठन में जिला अध्यक्ष के रूप में मिली है, उसका वह पूरी कर्मठता और निष्पक्षता से पालन कर, संगठन की विचारधारा को समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक ले जाकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्र की मोदी और प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार, अनुसूचित जाति के लोगों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनैतिक उत्थान के लिए काम कर रही है, यही कारण रहा कि कभी कांग्रेस के समय, केवल वोट बैंक रहा समाज, आज राजनीतिक रूप से सक्षम और मजबूत है। उन्होंने, पार्टी संगठन में मिले जिलाध्यक्ष पद के लिए केन्द्रीय, प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार जताया।

अनुसूचित जाति मोर्चा में सिद्धांत पाटिल को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे, सांसद भारती पारधी, आयोग सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, विधायक राजकुमार कर्राहे, गौरव पारधी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, पूर्व विधायक भगत नेताम, पूर्व राज्यमंत्री टी.डी. वैध, भाजपा उपाध्यक्ष अजय मेश्राम, मोनु पांडेय, महामंत्री नरेन्द्र भैरम, संजय मिश्रा, अनुपमा नेताम, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, कार्यालय मंत्री सुमित यादव, शशांक डोंगरे, अनमोल रामटेके सहित अन्य कार्यकर्ताओं और सामाजिक लोगों ने बधाई दी है।

ट्रेन की चपेट में आया सांभर, मौत

कवरेज पर पहुंचे पत्रकारों से वनरक्षक ने की अभद्रता, तत्काल निलंबन और निष्पक्ष जांच की मांग

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट के उत्तर सामान्य वन परिक्षेत्र लामता में बुधवार को एक 3 साल के नर सांभर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1278 में हुई। रेल विभाग के कर्मचारियों ने सूचना दी, जिसके बाद वन अमला और वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

वन्यप्राणी विशेषज्ञ डॉ. बादल पटले ने सांभर का पोस्टमार्टम किया। उन्होंने बताया कि शरीर पर गंभीर चोटें हैं और प्रारंभिक तौर पर मौत ट्रेन की चपेट में आने से मानी जा रही है। हालांकि, मौत के सही कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी रितु गोस्वामी ने भी घटना की जानकारी की पुष्टि की।

लामता परिक्षेत्र में पिछले तीन महीनों में वन्यप्राणियों की मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले दो तेंदुए (नर और मादा) और दो भालू के शावकों की भी मौत हो चुकी है। घटना के कवरेज के लिए मौके पर पहुंचे पत्रकारों के साथ वनरक्षक चंद्रशेखर शुक्ला ने अभद्र व्यवहार किया। पत्रकार शत्रुघन ठाकरे ने बताया कि शुक्ला ने उन्हें धक्का दिया और स्थल से हटने के लिए

पत्रकार संघ ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

इस घटना के बाद पत्रकार संघ, लामता तहसील इकाई ने वन संरक्षक, बालाघाट को लिखित आवेदन देकर वन रक्षक के खिलाफ तत्काल निलंबन और निष्पक्ष जांच की मांग की। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे वन विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

सामुदायिक बीज बैंक का हुआ शुभारंभ

नवभारत, परसवाडा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, के तत्वाधान में व जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री श्वेता मेहतो. प्रभारी जिला प्रबंधक श्री दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रगति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन कनई विकासखंड परसवाडा के ग्राम लोटमारा में श्रद्धा आजीविका स्वसहायता समूह की सदस्य व बीज बैंक का प्रशिक्षण प्राप्त बीज बैंक सखी सुषमा चौधरी के घर में सामुदायिक बीज बैंक का शुभारंभ, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री किसनलाल चौधरी ने पुजन अर्चन कर व फीता काटकर किया।

उक्त अवसर पर सर्वप्रथम आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक संदीप चौरसिया ने सामुदायिक बीज बैंक की वर्तमान में क्या महत्ता है, उस पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा की आजीविका मिशन के माध्यम से, परम्परागत बीज संरक्षण हेतु देशी बीजों को बचाना किसानों को गुणवत्ता पूर्ण बीज उपलब्ध कराना, स्थानीय फसलों, कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी, धान, गेंहू, दलहन, तिलहन फसलों का संवर्धन व उसे प्रोत्साहित करना, स्वाद, पोषण, स्वास्थ्य व लागत में कमी को बनाये रखने के लिये ये विशिष्ट पहल प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर उद्यानिकी विभाग से उपस्थित श्री शंकरलाल मर्सकोले जी ने इस अभिनव पहल की प्रशंसा करते हुये सभी समूह दीदीयों को बधाई दी व कहा की स्वसहायता समूहों से जुडी दीदीयों द्वारा ये कार्य बढाया जायेगा, तो हम परंपरागत खेती की ओर फिर से अग्रसर होंगे।

महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परिणाम दिवस समारोह आयोजित हुआ

नवभारत, बालाघाट। विद्यालय में वार्षिक परिणाम दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कक्षा 1 से 9 एवं 11वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया ।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेष उपलब्धि: कक्षा 11वीं में अंग्रेजी विषय में 100% अंक प्राप्त करने पर गुंजन को विशेष पारितोषिक प्रदान किया गया। साथ ही, सर्वाधिक उपस्थिति एवं गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही तथा सभी ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय परिवार सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत मौरिया जनपद पंचायत बालाघाट

स्थान मौरिया — दिनांक 26/03/2026

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मौरिया में वित्तीय वर्ष 2026-27 में किये जाने वाले विभिन्न मदों (15 वा वित्त आयोग, 5 वा वित्त, विधायक निधि, सांसद निधि,गौण खनिज, sbm, वी बी जी राम जी, राज्य वित्त, स्टाम्प शुल्क अन्य)से निर्माण कार्य हेतु आवश्यक सामग्री सीमेंट गिट्टी रेत,लोहा,पेंट, गार्डन सामग्री, डिजिटल बोर्ड, तार, जाली,पोल मुरूम,मिट्टी,ईट, पाइप व अन्य सामग्री क्रय किया जाना व सेंटरिंग, मिक्सर मशीन, वाइब्रेटर किराए पर लिया जाने ग्राम पंचायत कार्यालय हेतु फर्नीचर, ई कक्ष संबंधित कंप्यूटर सामग्री,स्वच्छता संबंधी चेयर और कचरा पेटी क्रय किया जाने स्ट्रीट लाइट संबंधी नवीन कार्य व मरम्मत कार्य किया जाने हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है!

उक्त निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में 27 मार्च 2026 से 013अप्रैल 2026 तक कार्यालय समय पर जमा की जा सकती है अधिक जानकारी के लिए कार्यालय ग्राम पंचायत से संपर्क किया जा सकता है ।

श्रीमती श्यामकला इंदुलकर	श्री कीर्तिपुरी गोस्वामी	निखिल परिहार	शरद जायसवाल
सरपंच ग्राम पंचायत मौरिया	उपसरपंच ग्राम पंचायत मौरिया	सचिव ग्राम पंचायत मौरिया	सहायक सचिव ग्राम पंचायत मौरिया

चांगोटोला पुलिस ने 134 लीटर शराब पकड़ी : हट्टा में दो वाहन चोर गिरफ्तार

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट जिले में चांगोटोला और हट्टा पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन और वाहन चोरी के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार होने में सफल रहा।

चांगोटोला पुलिस ने दो चौपहिया वाहनों से 134 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान एक कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे वाहन के चालक मंडला जिले के नैनपुर निवासी संदीप चौधरी (36) को पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी संदीप चौधरी ने बताया कि वे जिले के पादरीगंज से नैनपुर अंग्रेजी शराब ले जा रहे थे। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।वहीं, हट्टा पुलिस ने 11 मार्च को नेवरगांव खुर्द निवासी समारू उईके की बाइक चोरी के मामले की जांच की। पुलिस ने थाना क्षेत्र के मढका मढई निवासी संदेही उदयसिंह धुर्वे (32) से पूछताछ की। धुर्वे ने अपने साथी लांजी थाना क्षेत्र के धुनधुनवारधा निवासी मनीष टेकाम (25) के साथ मिलकर बाइक चोरी करने की बात कबूल की। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों उदयसिंह धुर्वे और मनीष टेकाम को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई है।

सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

नवभारत, वारासिवनी। शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिहलीबाई वारासिवनी द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष नगर में सर्वोत्कृष्ट रहा, जिससे शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य श्री हुमराज पटले ने बताया कि वर्ष 2025-26 का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष की तुलना में अधिक बेहतर और सराहनीय रहा है।

कक्षा 5वीं में कुल 77 विद्यार्थियों में से 74 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 73 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी में 13 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 55 विद्यार्थी तथा तृतीय श्रेणी में 06 विद्यार्थी रहें।

संस्था में कु. अक्षरा करकाड़े ने 89.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर कु. साक्षी शर्मा (88.5 प्रतिशत) रहीं, जबकि कु. मानवी बिंझाड़े एवं कु. भावी कोवाचे ने 83.5 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 8वीं में कुल 121 में से 119 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 113 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी में 63 विद्यार्थी तथा द्वितीय श्रेणी में 38 विद्यार्थी रहें। प्रथम स्थान पर कु. हिमांशी राजपूत एवं कु. प्रियांशी लिल्हारे ने 93.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कु. नव्या गोस्वामी (92 प्रतिशत) रहीं, जबकि कु. डिंपल कोवाचे ने 91 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को माध्यमिक शिक्षक श्री राजेश डहारे द्वारा 500-500 रुपये का पारितोषिक प्रदान किया गया।

विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर प्राचार्य श्री हुमराज पटले सहित समस्त शाला स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निराश न होने और पुन: प्रयास करने के लिए प्रेरित किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक श्री कमल टेम्भरे द्वारा किया गया। यह परिणाम विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने वाला साबित हुआ है।